# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 16.08.2022**

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना अजनर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 16.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री लाखन सिंह गठित पुलिस टीम उ.नि.दिनेश कुमार यादव द्वारा गश्त व क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 131/2022 धारा 498ए/304बी भादवि व ¾ डी.पी. एक्ट के वांछित अभियुक्त 1. मन्नूलाल राजपूत पुत्र अरविन्द्र उम्र करीब 22 बर्ष निवासी ग्राम महुआबांध थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम महुआबाँध से गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1. उ.नि. दिनेश कुमार यादव थाना अजनर जिला महोबा।
2. कां.सूर्यांश प्रताप सिंह थाना अजनर जिला महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.मन्नूलाल राजपूत पुत्र अरविन्द्र उम्र करीब 22 बर्ष निवासी ग्राम महुआबांध थाना अजनर जनपद महोबा

### अपराध विवरण-

1.मु.अ.सं. 131/2022 धारा 498ए/304बी भादवि व ¾ डी.पी. एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा।




महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित -

आज दिनांक 16.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक/वाहन चेकिंग का विशेष अभियान -

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों में होने वाली लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आज दिनांक 16.08.2022 को विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि बैंक चेकिंग अभियान को अनवरत जारी रखा जाए, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी गणों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर बैंक चेकिंग की गयी

जनपदीय पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों को चेक किया गया।

बैंको में सुरक्षा की चेकिंग दौरान पायी गयी कमियों के संबंध में बैंक अधिकारियों से वार्ता कर उन्हे ठीक करवाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये।










# महोबा पुलिस



## "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में थाना कोतवाली महोबा में निकाली गई भव्य तिरंगा रैली-

- राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रही पुलिस की तिरंगा फुट पेट्रोलिंग
- आल्हा चौक से लेकर सुभाष चौक तक निकली यात्रा
- हाथों में तिरंगा लेकर निकले पुलिस अधिकारी व कर्मचारी



स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद महोबा में दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक पूरे जनपद के पुलिस कर्मियों द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" एक सप्ताह के गरिमामयी महापर्व के रूप में मनाये जाने के क्रम में "आजादी का अमृत महोत्सव" एक सप्ताह के षष्टम दिवस पर आज दिनांक 16.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली महोबा क्षेत्र अंतर्गत आल्हा चौक से सुभाष चौक तक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई।



इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय,प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह व कोतवाली महोबा पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों द्वारा तिरंगा फुट पैट्रोलिंग कर जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की गयी।